PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ़, मंगलवार 16, जून, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर से सनसनी, एक ही परिवार के तीन बुजुर्गों की हत्या

प्रयागराज। जिले के मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में सोमवार देर रात हुए ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को दहला दिया। एक ही परिवार के तीन बुजुर्ग सदस्यों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अमरावती देवी (65) पत्नी नींबूलाल, इंद्रावती देवी (62) पत्नी दूधनाथ और श्यामलाल (65) पुत्र गुलजार के रूप में हुई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। उनके शव घर से करीब 20 मीटर दूर अलग-अलग स्थानों पर पड़े मिले। घटनास्थल की परिस्थितियों से प्रतीत होता है कि हमलावरों ने पहले पीड़ितों का पीछा किया और फिर धारदार हथियारों से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना सोमवार रात करीब डेढ़ बजे की है। ग्रामीणों को सुबह जानकारी मिली तो पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए हैं, जबकि डॉग स्क्वॉड की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर



मृतकों के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी और परिवार के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। परिजनों के मुताबिक आरोपी ने लगभग एक सप्ताह पूर्व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस इस आरोप को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।घटना की सूचना मिलते ही प्रयागराज एडिशनल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) डॉ. अजय पाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। इस नृशंस हत्याकांड के बाद कुकुरकटवा गांव में भय और शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## मुहर्रम पर सांसद सतीश गौतम के बयान से मचा सियासी बवाल
## बोले- "मुहर्रम क्या है, मैं नहीं जानता"

अलीगढ़। मुहर्रम की तैयारियों और कानून-व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल पर अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम का बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। करीब एक मिनट 34 सेकंड के वायरल वीडियो में सांसद ने मुहर्रम को लेकर अपनी जानकारी न होने की बात कही, वहीं अलीगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा दावा भी किया। मीडियाकर्मियों द्वारा मुहर्रम की तैयारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में सवाल पूछे जाने पर सांसद सतीश गौतम ने कहा, "इनका त्योहार आ रहा है, मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मुहर्रम क्या है, मैं नहीं जानता।" इसके बाद उन्होंने अलीगढ़ की कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा, "यह अलीगढ़ है, यहां पक्षी भी हमसे पूछकर उड़ता है।" सांसद ने दावा किया कि शहर में शांति और सौहार्द का माहौल है तथा प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्षम है। सांसद ने कहा कि जब शहर में माता रानी के जागरण, धार्मिक यात्राएं और अन्य बड़े आयोजन होते हैं, तब भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होती। उन्होंने विश्वास जताया कि मुहर्रम के दौरान भी सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे और प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



अपने बयान में सांसद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह वही विश्वविद्यालय है, जहां परिसर में वंदे मातरम और जय श्रीराम के नारे भी गूंज चुके हैं। उन्होंने कहा कि शहर में निकलने वाले किसी भी जुलूस की अनुमति, रूट और समय का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। सांसद सतीश गौतम ने कहा कि अलीगढ़ के लोग वर्षों से आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते आए हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मुहर्रम का जुलूस भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि किसी की भावनाओं को आहत नहीं होने दिया जाएगा और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर भी लोग इस बयान को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि, जिले में मुहर्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बैठकें और सुरक्षा इंतजाम लगातार जारी हैं।

## "लव जेहाद, लैंड जेहाद और आतंकवाद करने वालों को मारना पाप नहीं" : रामभद्राचार्य

अलीगढ़। अकराबाद क्षेत्र के गांव लधौआ में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य के एक बयान ने चर्चा का विषय बना दिया। सोमवार को कथा के दौरान व्यासपीठ से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "लव जेहाद, लैंड जेहाद और आतंकवाद करने वालों को मारने में कोई पाप नहीं है और इससे किसी प्रकार का दोष नहीं लगता।" श्रीराम कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने चरित्र निर्माण, भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि धन, वैभव और पद किसी भी समय व्यक्ति से छिन सकते हैं, लेकिन यदि उसका चरित्र सुरक्षित है तो वह दोबारा सब कुछ प्राप्त कर सकता है। चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी और वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण करने से मनुष्य के अनेक पापों का नाश होता है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में चरित्रवान व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और संस्कारों की रक्षा करनी चाहिए। अपने प्रवचन के दौरान जगद्गुरु ने युवाओं के सामने मौजूद आधुनिक चुनौतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति मर्यादा, त्याग, सेवा और परिवार व्यवस्था पर आधारित है। इन मूल्यों को अपनाकर ही समाज का संतुलित और स्वस्थ विकास संभव है। रामभद्राचार्य ने विशेष रूप से हिंदू युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लेने चाहिए तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन, भ्रम या धोखे से बचना चाहिए। उन्होंने युवतियों से अपनी पहचान, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों को सुरक्षित रखने की अपील की। कथा के दौरान उन्होंने लव जिहाद जैसे मामलों से सतर्क रहने की सलाह भी दी। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि लव जेहाद, लैंड जेहाद और आतंकवाद जैसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। उनके इस बयान के बाद कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और सीताराम के जयकारे लगाए।



वहीं, सोमवती अमावस्या के अवसर पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। कथा पंडाल में प्रवेश से पहले श्रद्धालुओं की इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से जांच की गई। पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रहे।

## सोमवती अमावस्या पर सांकरा गंगा घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**अलीगढ़। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सोमवार को सांकरा गंगा घाट श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से गुलजार रहा। तड़के सुबह से ही हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए घाट पर पहुंचने लगे। पूरे दिन घाट क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां गंगा का पूजन-अर्चन किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र, तिल, आंवला एवं अन्य वस्तुओं का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। घाट पर दिनभर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।**



**महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए।पर्व के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं शरबत वितरण की व्यवस्था की गई। सेवा कार्यों में जुटे स्वयंसेवकों ने आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। श्रद्धालुओं ने भी सामाजिक संगठनों की इस पहल की सराहना की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। घाट पर स्थानीय गोताखोरों के साथ आपदा मित्रों की टीम को तैनात किया गया था। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। अधिकारियों ने समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने की अपील भी की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद पूरे दिन व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और सोमवती अमावस्या का पर्व शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।**

## ओपन जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में अदिति वैशाली, आयुष और अभिषेक रहे विजेता




अलीगढ़। स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपन जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका अंडर-19 में अदिति शर्मा, महिला एकल में वैशाली सारस्वत, अंडर-11 में आयुष शर्मा और अंडर-13 में अभिषेक सिंह विजेता रहे। वहीं अंडर-15 में पार्थ वार्ष्णेय, अंडर-17 में यश कुमार और अंडर-19 में वंश कुमार शर्मा ने अपने-अपने वर्ग में खिताब जीता। टूर्नामेंट का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ अलीगढ़ सिटी और जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विवेक बंसल ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण: 200 करोड़ के घोटाले की चर्चा
## ट्रस्ट पदाधिकारी सवालों के घेरे में

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मामले में ट्रस्ट के कई पदाधिकारी सवालों के घेरे में हैं, जबकि एसआईटी जांच जारी है। पांच संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद करीब तीन करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। वहीं सोशल मीडिया पर 200 करोड़ रुपये तक के घोटाले की चर्चा चल रही है, हालांकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




सूत्रों के अनुसार चढ़ावे की नकदी के साथ सोना-चांदी के जेवरात गायब होने की भी आशंका जताई जा रही है। विपक्षी दलों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर सरकार का कहना है कि एसआईटी जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। मामले को लेकर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर

## एक ही परिवार के तीन बुजुर्गों का कत्ल पहले दौड़ाया फिर धारदार हथियार से काट डाला



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक पर हत्या का आरोप है। यूपी के प्रयागराज जिले में एक बार फिर सामूहिक हत्याकांड की घटना ने सनसनी फैला दी है। यमुनानगर के मेजा थाना इलाके के कुकुरकटवा गांव में एक ही परिवार के तीन बुजुर्ग सदस्यों की देर रात नृशंस हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह जब घटना का पता चला तो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात सोमवार देर रात करीब 1 बजकर 30 मिनट के आसपास हुई। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के थे। प्रथम दृष्टया, बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया और फिर पीट-पीट कर हत्या की। घटनास्थल की स्थिति से पता चला कि पीड़ितों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रयागराज पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस की टीम, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और गहन छानबीन शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों बुजुर्गों की सोते वक्त हत्या की गई। मृतकों की पहचान अमरावती देवी पत्नी नींबूलाल (65), इंद्रावती देवी पत्नी दूधनाथ (62) और श्याम लाल पुत्र गुलजार (65) के रूप में हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों के शव उनके घर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर मिले हैं। इस भयावह घटना ने कुकुरकटवा गांव को झकझोर कर रख दिया है।

**परिवार का आरोप और धमकी**

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। मृतकों के परिजनों ने पुलिस को अहम जानकारी दी है। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, आरोपी ने करीब एक सप्ताह पहले परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। यह धमकी किसी पुरानी रंजिश के चलते दी गई थी। पुलिस अब इस पहलू पर गहराई से जांच कर रही है। पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन जांच जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है। घटनास्थल पर पहुंचे प्रयागराज एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजय पाल शर्मा ने स्थिति का जायजा लिया और जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद रहकर सबूत जुटाने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि सभी एंगल से मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# राम मंदिर: चढ़ावे में गिनती से पहले पार हो जाती थी रकम FIR की जगह इसलिए चुना गया SIT का रास्ता जानिए मामला

**Ram mandir chadhave mein gaban:** राम मंदिर चढ़ावे में गबन की कड़िया अब धीरे-धीरे खुल रही है। हालांकि श्रीराम मंदिर के चढ़ावे की राशि में हुए गबन का अंदाजा लगाना आसान नहीं होगा। श्रीराम मंदिर के चढ़ावे की राशि में हुए गबन का अंदाजा लगाना आसान नहीं होगा। उसकी कई वजहें हैं। दरअसल, मंदिर में आई चढ़ावे की राशि का हिसाब लगाने के लिए ही गिनती की जाती थी। मतलब उसके पहले ये राशि बेहिसाब होती थी। उसी दौरान उसमें से रकम पार की जाती थी। आखिर में जोड़-घटा कर विवरण दर्ज कर दिया जाता था। साफ है कि जो विवरण दर्ज हो गया, वही हिसाब हो गया। इसलिए गबन कितने करोड़ का हुआ, यह स्पष्ट अंदाजा लगाना काफी कठिन है। वहीं अब बड़े जिम्मेदार इधर-उधर भाग रहे हैं। मंदिर के चढ़ावे का हिसाब-किताब रोजाना होता था। रोजाना लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। अधिकतर कुछ न कुछ चढ़ावा जरूर देते हैं। इसमें छोटी से लेकर बड़ी रकम व सोना-चांदी भी होता है। आम दिनों की अपेक्षा त्योहार, वीकेंड आदि के अवसर पर राशि में कई गुना बढ़ोतरी भी होती है। सूत्रों के मुताबिक, गिनती करने से पहले सभी दानपात्र खोले जाते थे। पूरी रकम एक जगह इकट्ठा की जाती थी। तब तक यह पता नहीं रहता था कि किस दानपात्र में कितनी और रकम है। इसी के लिए गिनती होती थी, लेकिन उसी दौरान रकम पार की जाती रही। अब देखना होगा कि एसआईटी इसका आकलन कैसे करेगी।

**कुंभ की तरह माघ मेले के दौरान भी बेशुमार चढ़ावा** पिछले साल हुए कुंभ में करीब 67 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। इसमें से करोड़ों लोग अयोध्या भी दर्शन करने आए। सूत्र बताते हैं कि उस दौरान चढ़ावे की राशि में बेशुमार वृद्धि हुई थी। सका फायदा उठाते हुए चढ़ावा चोरों ने एक-एक दिन में 10 से 15 लाख रुपये तक पार किए। यही नहीं, इसी तरह का खेल माघ मेले के दौरान भी हुआ। तब भी श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ था। उस दौरान भी हर दिन



मोटी रकम गिनती के दौरान पार की गई।

**कइयों ने बनाई अकूत संपत्ति** पिछले कुछ वर्षों से ट्रस्ट से जुड़े लोग व उनके कई रिश्तेदारों ने अकूत संपत्तियां बनाईं। किसी ने जमीनें खरीदीं तो किसी ने घर, मकान और कारें लीं। अचानक लखपति और करोड़पति होना सवाल खड़े करता है। अभी जो चार-पांच संदिग्ध पकड़े गए हैं, उनके अलावा तमाम ऐसे लोग हैं, जिनकी भूमिका इस हेरफेर में रही है।

**एफआईआर न करानी पड़े, इसलिए एसआईटी**

पूरा प्रकरण आपराधिक कृत्य है। रुपयों की बरामदगी इसका पुख्ता साक्ष्य है। वहीं ट्रस्ट की खामोशी व एसआईटी बनवाने की मांग से भी साफ होता है कि करोड़ों का हेरफेर हुआ है। लेकिन केस दर्ज नहीं कराया गया। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि शुरू से ही ट्रस्ट के पदाधिकारी एफआईआर दर्ज कराने के पक्ष में नहीं थे। न अब हैं। यही वजह है कि एसआईटी गठन की मांग की गई, जो कर भी दी गई। अब धीरे-धीरे मामला शांत करने का प्रयास चल रहा है।

**बचने की कोशिश**

ट्रस्ट के कई बड़े जिम्मेदार इधर-उधर भागने लगे हैं। वह किसी तरह बचने की जुगत में हैं, जिससे उनका खेल न खुल जाए। फिलहाल एसआईटी की जांच शुरू हो चुकी है। देखना होगा कि बड़े जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर सिर्फ छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर मामला रफादफा कर दिया जाएगा।

प्रशासन ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय मामले की गहन और निष्पक्ष जांच के लिए SIT का रास्ता चुना है। अधिकारियों का कहना है कि पहले सभी तथ्यों और दस्तावेजों की जांच की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की पुष्टि होने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके। SIT मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अभिलेखों, चढ़ावे की गिनती की प्रक्रिया और धनराशि के प्रबंधन की विस्तृत जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस मामले ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि प्रशासन ने पारदर्शिता बनाए रखने का भरोसा दिलाया है। अयोध्या। राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान और चढ़ावे के प्रबंधन को लेकर उठे सवालों के बीच प्रशासन ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। बताया जा रहा है कि चढ़ावे की राशि इतनी अधिक होती थी कि उसकी पूरी गिनती और सत्यापन से पहले ही रकम विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजर जाती थी, जिससे पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हुए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच का उद्देश्य तथ्यों को सामने लाना और मंदिर प्रशासन की वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# Aligarh:

## सांसद सतीश गौतम के बिगड़े बोल मुहर्रम क्या है मैं नही जानता अलीगढ़ में पक्षी भी पूछकर उड़ता है



जब मीडियाकर्मियों ने सांसद सतीश गौतम से मुहर्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं के बारे में पूछा, तो उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, इनका त्योहार आ रहा है, मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मुहर्रम क्या है, मैं नहीं जानता.. अलीगढ़ में पक्षी भी हमसे पूछकर उड़ता है। मुहर्रम के प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा सांसद सतीश गौतम का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक मिनट 34 सेकंड के इस वीडियो में सांसद ने जहां एक तरफ क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर मजबूत दावा किया, वहीं दूसरी तरफ एएमयू का जिक्र करते हुए बड़ा बयान दिया है। वायरल वीडियो में जब मीडियाकर्मियों ने सांसद सतीश गौतम से मुहर्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं के बारे में पूछा, तो उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, इनका त्योहार आ रहा है, मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। कानून व्यवस्था और शहर के सांप्रदायिक माहौल पर सांसद ने कहा यह अलीगढ़ है, यहां पक्षी भी हमसे पूछकर उड़ता है। जब यहां माता रानी के जागरण और धार्मिक आयोजन होते हैं, तब क्या कभी कुछ होता है? बिल्कुल नहीं। अलीगढ़ का पुलिस और प्रशासनिक अमला बहुत मजबूत है। सांसद गौतम ने कहा कि यह वही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी है, जिसके परिसर में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे गूंज चुके हैं। शहर में जो भी जुलूस निकाला जाएगा, उसकी रूट और समय की अनुमति पूरी तरह से जिला प्रशासन तय करेगा। अलीगढ़ के लोग जिस तरह सद्भावना के साथ रह रहे हैं, उसे देखते हुए मुहर्रम का जुलूस भी पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी। मुहर्रम के मद्देनजर प्रशासन पहले ही सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सतर्क है। ऐसे समय में सांसद के बयान ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। हालांकि, मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक विवाद या प्रशासनिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी दिनों में यह बयान क्षेत्रीय राजनीति में बहस का विषय बना रह सकता है।

स्थानीय स्तर पर भी इस बयान को लेकर लोगों की अलग-अलग राय देखने को मिल रही है। कुछ लोगों का मानना है कि यह सांसद का व्यक्तिगत बयान है, जबकि अन्य इसे एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के पद की गरिमा से जोड़कर देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष में लगातार टिप्पणियां की जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों और त्योहारों से जुड़े मुद्दे अक्सर संवेदनशील होते हैं, इसलिए सार्वजनिक पदों पर बैठे नेताओं के बयान विशेष महत्व रखते हैं। फिलहाल, इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत या कानूनी कार्रवाई सामने नहीं आई है, लेकिन बयान को लेकर सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। आगामी दिनों में मुहर्रम के आयोजन के बीच यह मुद्दा स्थानीय राजनीति में चर्चा का प्रमुख विषय बना रह सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनावी माहौल से पहले ऐसे बयान अक्सर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी प्रकार की आधिकारिक शिकायत या कानूनी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। इसके बावजूद यह मुद्दा अलीगढ़ की राजनीति में चर्चा का केंद्र बना हुआ है और आने वाले दिनों में इस पर और प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं। दूसरी ओर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने सांसद का बचाव करते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# Kanpur Metro

## शहर में बिछेगा 83KM लंबा जाल मेट्रो के सात नए रूट प्रस्तावित उन्नाव से जुड़ेगा गुमटी नंबर पांच

Kanpur News: कानपुर में यातायात सुधारने के लिए 83 किमी लंबे सात नए मेट्रो कॉरिडोर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। साथ ही, नौबस्ता-बर्रा मेट्रो रूट का निर्माण कार्य अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। कानपुर में शहरवासियों के लिए भविष्य में मेट्रो सेवा और व्यापक करने की तैयारी है। दिल्ली और नोएडा की तर्ज पर शहर में भी हर रूट पर मेट्रो चलाने की योजना बन रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने विस्तार की संभावित रूपरेखा प्रस्तुत की है। इसमें सात नए मेट्रो कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए हैं। इनकी कुल लंबाई लगभग 83.658 किलोमीटर होगी।

खास बात यह कि उन्नाव से गुमटी नंबर-5 होते हुए नमक फैक्टरी चौराहा तक सबसे बड़ा कॉरिडोर तैयार करने का प्रस्ताव है। करीब दस दिन पहले लखनऊ में मुख्य सचिव के साथ हुई सभी विभागों की बैठक में यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मेट्रो नेटवर्क के विस्तार का प्रस्तुतीकरण दिया। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि राइट्स लिमिटेड की ओर से तैयार किए जा रहे कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान की प्रारंभिक रिपोर्ट में शहर में मेट्रो विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं।



यह विस्तार यूपी मेट्रो की टीम की ओर से छह से सात माह तक किए गए विस्तृत सर्वे पर आधारित है जिसका उद्देश्य बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और शहर को पर्यावरण-अनुकूल व आधुनिक परिवहन सुविधा प्रदान करना है। प्रस्तावित विस्तार में लगभग 59.648 किलोमीटर एलिवेटेड और 24.01 किलोमीटर अंडरग्राउंड सेक्शन शामिल होंगे। ये कॉरिडोर शहर के प्रमुख आवासीय, औद्योगिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को जोड़ेंगे जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक परिवहन मिलेगा। यूपीएमआरसी के अनुसार राज्य सरकार से नीतिगत स्वीकृति मिलने के बाद विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जाएगा। कानपुर विकास प्राधिकरण पहले ही बर्रा-आठ से नौबस्ता सेक्शन के लिए डीपीआर तैयार कर चुका है, जिसे राज्य सरकार की मंजूरी मिल चुकी है।

हाल ही में शासन के साथ हुई बैठक में भविष्य के लिए मेट्रो की उपयोगि

हाल ही में शासन के साथ हुई बैठक में भविष्य के लिए मेट्रो की उपयोगिता व विस्तार पर प्रस्तुतिकरण दिया गया है। इस पर निर्णय होने के बाद आगे का कार्य किया जाएगा। कानपुर मेट्रो कॉरिडोर-एक को कॉरिडोर-दो से जोड़ने वाले कॉरिडोर-तीन नौबस्ता से बर्रा-आठ का निर्माण अगले साल शुरू हो सकता है। 8.078 किलोमीटर लंबा यह रूट पूरी तरह एलिवेटेड रहेगा। केडीए ने राइट्स संस्था के माध्यम से कॉरिडोर-तीन का डीपीआर तैयार कराया था जिस पर राज्य सरकार अपनी सहमति जता चुकी है। केंद्र सरकार की भी अनुमति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। यूपीएमआरसी ने संकेत दिए हैं कि अगले साल इस कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने की संभावना है। इससे पहले अगले महीने से कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक मेट्रो ट्रेनों का संचालन शुरू करने की कोशिश की जा रह

# NEET री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम पर अस्थायी रोक, 22 जून तक प्रतिबंध




नई दिल्ली। NEET (UG) 2026 की पुनर्परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा जारी निर्देशों के तहत भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक रोक लगाई गई है। यह निर्णय 21 जून को आयोजित होने वाली NEET (UG) 2026 पुनर्परीक्षा से पहले एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे परीक्षा से जुड़ी गलत सूचनाओं, फर्जी प्रश्नपत्रों और अफवाहों के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी। एजेंसी के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हाल के वर्षों में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कथित पेपर लीक और भ्रामक सूचनाएं फैलाने के मामले सामने आए थे, जिसके चलते यह कदम आवश्यक माना गया। एनटीए ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट और अधिकृत माध्यमों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। किसी भी अपुष्ट संदेश, वायरल पोस्ट या कथित प्रश्नपत्रों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। एजेंसी का कहना है कि फर्जी सूचनाएं छात्रों में भ्रम और तनाव पैदा करती हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित होती है। सरकार ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए टेलीग्राम की संदेश संपादित (Edit) करने की सुविधा पर भी 30 जून 2026 तक रोक लगाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ मामलों में परीक्षा समाप्त होने के बाद संदेशों को संपादित कर फर्जी पेपर लीक के सबूत तैयार किए जाते थे। ऐसे दुरुपयोग को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत यह कार्रवाई की गई है। सरकार का मानना है कि इससे उन संगठित गिरोहों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी जो प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर छात्रों को गुमराह करने और आर्थिक ठगी करने का प्रयास करते हैं। केंद्रीय एजेंसियां और राज्य प्रशासन भी परीक्षा से संबंधित गतिविधियों पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

गौरतलब है कि NEET (UG) 2026 की पुनर्परीक्षा को लेकर सरकार पहले से ही सतर्क है। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा बढ़ाने, निगरानी व्यवस्था मजबूत करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सरकार और एनटीए का कहना है कि परीक्षा की निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते के बीच नेतन्याहू का बड़ा बयान बोले- ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे

तेल अवीव/वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा और सख्त बयान दिया है। नेतन्याहू ने स्पष्ट कहा है कि ईरान को किसी भी परिस्थिति में परमाणु हथियार विकसित करने या अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। 15 जून को सामने आई रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अमेरिका और ईरान जल्द ही एक महत्वपूर्ण शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस खबर के बाद वैश्विक बाजारों में राहत की उम्मीद जगी थी और माना जा रहा था कि मध्य पूर्व में तनाव कम होने से तेल आपूर्ति पर पड़ने वाला दबाव घट सकता है। हालांकि नेतन्याहू के ताजा बयान ने एक बार फिर क्षेत्रीय तनाव को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उनकी सरकार की नीति पहले की तरह स्पष्ट और सख्त है। उन्होंने संकेत दिया कि इजराइल अपनी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उनका कहना है कि ईरान के पास परमाणु हथियार पहुंचना न केवल इजराइल बल्कि पूरे क्षेत्र और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति और इजराइल के प्रधानमंत्री के रुख में हाल के दिनों में कुछ मुद्दों पर मतभेद दिखाई दिए हैं। जहां अमेरिका कूटनीतिक प्रयासों के जरिए तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ता नजर आ रहा है, वहीं इजराइल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर लगातार कड़ा रुख अपनाए हुए है। नेतन्याहू के बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निगाहें अब अमेरिका-ईरान वार्ता और मध्य पूर्व की बदलती परिस्थितियों पर टिकी हुई हैं। यदि दोनों देशों के बीच समझौता होता है तो इसका असर वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार और क्षेत्रीय सुरक्षा पर पड़ सकता है।



# G7 शिखर सम्मेलन में आज कई वैश्विक नेताओं से मिलेंगे पीएम मोदी, द्विपक्षीय वार्ताओं पर रहेगी नजर



एवियन (फ्रांस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फ्रांस के एवियन में आयोजित G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेता वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक चुनौतियों, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत को विशेष आमंत्रित देश के रूप में सम्मेलन में शामिल किया गया है। G7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, उनकी मुलाकात फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन, कनाडा, इटली तथा संयुक्त अरब अमीरात (UAE) सहित कई देशों के शीर्ष नेताओं से हो सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, वैश्विक ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और आर्थिक अनिश्चितता जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने बड़ी चुनौतियां बने हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत एक स्थिर और विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभरा है। यही कारण है कि कई देश भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के बढ़ते प्रभाव, साइबर सुरक्षा, हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे विषय भी प्रमुखता से उठाए जाएंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी इन मुद्दों पर भारत के अनुभव और दृष्टिकोण को साझा करेंगे। साथ ही विकासशील देशों की चिंताओं, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा उपलब्धता और आर्थिक समानता जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाएंगे। G7 शिखर सम्मेलन के दौरान होने वाली द्विपक्षीय वार्ताओं से भारत को आर्थिक और रणनीतिक दोनों स्तरों पर लाभ मिलने की उम्मीद है। निवेश, रक्षा उत्पादन, तकनीकी सहयोग और व्यापार विस्तार जैसे क्षेत्रों में नए समझौतों और साझेदारियों की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। इसके अलावा सम्मेलन भारत को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अपनी भूमिका और अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। राजनयिक विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। सम्मेलन से निकलने वाले निष्कर्ष न केवल वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगे, बल्कि भारत के भविष्य के कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों की दिशा भी तय कर सकते हैं। ऐसे में G7 सम्मेलन और प्रधानमंत्री मोदी की गतिविधियों पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है।

# आरजी कर मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला नई SIT गठित करने के आदेश




कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सीबीआई के भीतर नई विशेष जांच टीम (SIT) गठित करने का आदेश दिया है। कोर्ट के इस निर्णय का पीड़िता के पिता शेखररंजन देबनाथ ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पिछली जांच से संतुष्ट नहीं थी और पुरानी जांच टीम मामले में प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रही थी। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि पूर्व जांच टीम की कार्यप्रणाली पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। उन्होंने कहा कि सियालदह कोर्ट ने भी जांच की प्रगति पर नाराजगी जताई थी। अब हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नई एसआईटी से निष्पक्ष और प्रभावी जांच की उम्मीद बढ़ गई है। इसी बीच सीबीआई की सात सदस्यीय टीम ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की और मामले से जुड़े दस्तावेजों व सबूतों की समीक्षा की। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखर्जी ने मामले की नई समीक्षा कराने का एलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केस से जुड़े कई महत्वपूर्ण सबूतों और जानकारियों को योजनाबद्ध तरीके से नष्ट किया गया। स्वास्थ्य विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि सबूतों से छेड़छाड़ के लिए कौन जिम्मेदार था और क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा था। गौरतलब है कि 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में 31 वर्षीय महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जिसके बाद न्याय की मांग को लेकर डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और विभिन्न संगठनों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए थे। अब हाईकोर्ट के नए आदेश के बाद मामले की जांच एक बार फिर चर्चा में आ गई है।

# राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा की बड़ी बैठक केंद्रीय टीम में बदलाव की अटकलें तेज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय टीम में संभावित फेरबदल की चर्चाओं के बीच सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। करीब चार घंटे तक चली इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भी बैठक में शामिल होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि बैठक को लेकर भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसमें संगठनात्मक बदलाव, आगामी चुनावी रणनीति और पार्टी की नई केंद्रीय टीम के गठन सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व आगामी राजनीतिक चुनौतियों और चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को और मजबूत करने की तैयारी में जुटा है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में नई केंद्रीय टीम की घोषणा इसी महीने की जा सकती है।




नई टीम में अनुभवी और युवा नेताओं के बीच संतुलन बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कुछ केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को भी संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। बैठक ऐसे समय में हुई है जब भाजपा कई राज्यों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की प्रक्रिया में लगी हुई है। पिछले महीने पार्टी ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। दिल्ली में हर्ष मल्होत्रा, पंजाब में केवल सिंह ढिल्लों, हरियाणा में अर्चना गुप्ता और त्रिपुरा में अभिषेक देबरॉय को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी नए जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। वाराणसी, चंदौली, गोरखपुर, देवरिया और अंबेडकर नगर सहित कई जिलों में संगठन को नई मजबूती देने के लिए नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन में व्यापक बदलाव कर सकती है।

# कौन ज्यादा रखता है दुआ का ख्याल

## प्रकाश पादुकोण ने रणवीर-दीपिका की पेरेंटिंग स्टाइल का किया खुलासा




इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में प्रकाश पादुकोण ने अपनी नातिन दुआ के बारे में बात करते हुए कहा कि वह बहुत ही प्यारी और मिलनसार बच्ची है। उन्होंने दीपिका और रणवीर को 'हैंड्स-ऑन पेरेंट्स' बताया।उन्होंने कहा, 'बेशक दीपिका ज्यादा करती हैं, लेकिन रणवीर भी जब काम में व्यस्त नहीं होते, तो काफी मदद करते हैं। दोनों परिवार भी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं।'बातचीत के दौरान उन्होंने माना कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि नाना बनने के बाद उनकी जिंदगी इतनी बदल जाएगी। पहले वह सोचते थे कि दादा-दादी या नाना-नानी अपने पोते-पोतियों पर इतना प्यार क्यों लुटाते हैं, लेकिन अब वह इन भावनाओं को पूरी तरह समझते हैं।प्रकाश ने बताया कि जब भी दुआ बेंगलुरु आती है, तो वह और उनकी पत्नी उज्जला उसे आम जिंदगी के छोटे-छोटे अनुभव देने की कोशिश करते हैं, जो आमतौर पर सेलिब्रिटी बच्चों को नहीं मिल पाते। उन्होंने बताया कि वे दुआ को मेट्रो में घुमाने ले जाते हैं, ऑटो-रिक्शा की सवारी करवाते हैं और शाम को पार्क में भी ले जाते हैं। दुआ के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'उसे पैडल खेलना बहुत पसंद है। हमारे घर के पास एक अच्छा पैडल ग्राउंड है। हम कैंप स्टेशन के पास रहते हैं, इसलिए उसे ट्रेनें देखना भी अच्छा लगता है।वह बहुत मिलनसार बच्ची है, इसलिए लोगों से जल्दी घुल-मिल जाती है। वह लगभग सभी को 'हेलो' बोलती है। वह छोटी उम्र से ही ट्रैवल कर रही है, जिससे उसे काफी फायदा मिला है। वह बहुत तेजी से बड़ी हो रही है और अभी उसकी जिंदगी का बहुत दिलचस्प दौर चल रहा है।'पिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में इटली में शादी की थी।सितंबर 2024 में उन्होंने अपनी पहली बेटी दुआ का स्वागत किया हालांकि, उन्होंने कई महीनों तक उसे लाइमलाइट से दूर रखा।

# कॉकरोच जनता पार्टी' पर निशाना साधने वाला यह रैपर बनेगा सलमान के शो का हिस्सा



इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। वैरायटी इंडिया के अनुसार, इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। हालांकि, शो की शूटिंग आदि को लेकर अभी कोई आधिकारिक तौर पर जानकारी सामने नहीं आई है।शो में जिन प्रतिभागियों के नामों की चर्चा हो रही है, उनमें सेंटी शर्मा का नाम भी शामिल है। बता दें कि सेंटी शर्मा रैपर हैं। बीते दिनों वे 'कॉकरोच जनता पार्टी' पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया को लेकर सुर्खियों में रहे थे। पिछले कुछ महीनों में जिस कदर उनकी लोकप्रियता बढ़ी है और सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स की संख्या में इजाफा हुआ है, उसे देखकर ऐसे कयास लग रहे हैं कि वे सलमान खान के रियलिटी शो में नजर आ सकते हैं। हालांकि, सेंटी शर्मा की शो में एंट्री को लेकर बिग बॉस या उनके प्रोड्यूसर्स की तरफ से कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। अलग-अलग ऑनलाइन कम्युनिटीज में शो के संदर्भ में सेंटी शर्मा का नाम बार-बार लिए जाने की वजह से इन चर्चाओं को देखने वाले कई लोगों का मानना है कि वे भी इस सीजन के प्रतिभागियों में से एक हो सकते हैं। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं। इन पर अभी कोई पक्की मुहर नहीं लगी है। सेंटी के अलावा 20वें सीजन के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले नामों में फैसल शेख (मिस्टर फैसू), ऋधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और उर्फी जावेद भी शामिल हैं।बता दें कि सेंटी शर्मा रैपर और म्यूजिक आर्टिस्ट हैं। उन्होंने सीजेपी की आलोचना की थी और लोगों से किसी भी आंदोलन में सोच समझकर हिस्सा लेने की गुजारिश की थी। अपने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट साझा कर लिखा था, ' कॉकरोच जनता पार्टी ' किसी गंभीर आंदोलन से ज्यादा इंटरनेट ड्रामा लगती है।

# जब अक्षय ने टैक्सी की तरह इस्तेमाल किया हेलीकॉप्टर



अभिनेता अक्षय कुमार समय के पाबंद हैं। वे सेट पर सही वक्त पर पहुंचते हैं। हाल ही में फराह खान ने भी उनकी इस मामले में तारीफ की। मगर, साथ ही एक चौंकाने वाला खुलासा भी किया।अक्षय कुमार इंडस्ट्री के टॉप सितारों में शामिल हैं। वे अपने अभिनय के अलावा फिटनेस और अनुशासन को लेकर भी जाने जाते हैं। हाल ही में फराह खान ने भी उनकी इस बात की तारीफ करी। साथ ही फराह खान ने अक्षय कुमार की रईसी को लेकर भी एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी फिल्म 'तीस मार खान' की शूटिंग के वक्त हेलीकॉप्टर से घर जाया करते थे। इस बात पर अक्षय कुमार ने सहमति जताई। फराह खान ने हाल ही में नेटफ्लिक्स के लिए अक्षय कुमार, राजपाल यादव और प्रियदर्शन के साथ मिलकर एक चैट शो किया। इसी दौरान कुछ दिलचस्प बातें शेयर करते हुए अक्षय

अभिनेता अक्षय कुमार समय के पाबंद हैं। वे सेट पर सही वक्त पर पहुंचते हैं। हाल ही में फराह खान ने भी उनकी इस मामले में तारीफ की। मगर, साथ ही एक चौंकाने वाला खुलासा भी किया अक्षय कुमार इंडस्ट्री के टॉप सितारों में शामिल हैं। वे अपने अभिनय के अलावा अक्षय कुमार इंडस्ट्री के टॉप सितारों में शामिल हैं। वे अपने अभिनय के अलावा फिटनेस और अनुशासन को लेकर भी जाने जाते हैं। हाल ही में फराह खान ने भी उनकी इस बात की तारीफ करी। साथ ही फराह खान ने अक्षय कुमार की रईसी को लेकर भी एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी फिल्म 'तीस मार खान' की शूटिंग के वक्त हेलीकॉप्टर से घर जाया करते थे। इस बात पर अक्षय कुमार ने सहमति जताई। फराह खान ने हाल ही में नेटफ्लिक्स के लिए अक्षय कुमार, राजपाल यादव और प्रियदर्शन के साथ मिलकर एक चैट शो किया। इसी दौरान कुछ दिलचस्प बातें शेयर करते हुए अक्षय

# रचित सिंह के साथ डेट पर निकलीं हुमा कुरैशी



बॉलीवुड में इन दिनों एक नया कपल चर्चा में है। हुमा कुरैशी और रचित सिंह के रिलेशनशिप में होने की खबरें हैं। बीते दिनों रचित को लेकर एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर हुमा ने साझा की थी। सोमवार देर रात वह रचित के साथ डिनर डेट पर दिखीं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। सोशल मीडिया पर हुमा कुरैशी और रचित सिंह का एक वीडियो वायरल है। इसमें दोनों ही एक कार से निकलते हैं। पैपराजी के सामने ही रचित, हुमा का हाथ थाम लेते हैं। यह देखकर हुमा मुस्कुराने लगती हैं। आगे वीडियो में बड़े प्यार से रचित को निहारती हुईं नजर आती हैं। फैंस ने भी हुमा और रचित के इस वायरल वीडियो के कमेंट सेक्शन में हार्ट इमोजी जमकर शेयर किए हैं। हुमा और रचित सिंह फिल्म 'बेबी डू डाई डू' में साथ अभिनय कर रहे हैं। इस फिल्म और रचित को लेकर एक पोस्ट बीते दिनों हुमा कुरैशी ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इसमें वह लिखती हैं, 'कुछ कहानियां कैमरा चालू होने से बहुत पहले ही लिखी जा चुकी होती हैं। जब मैं पहली बार रचित से मिली, तो मुझे सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनका सब्र और शांत लगन भी बहुत प्रभावित कर गई।' आगे पोस्ट में हुमा ने रचित के अभिनय, मेहनत और लगन की जमकर तारीफ की थी। हुमा कुरैशी और रचित सिंह जल्द शादी करने वाले हैं, इन बातों को लेकर भी खूब अटकलें लगती हैं। बता दें कि रचित और हुमा अक्सर अपने दोस्तों की पार्टी में साथ दिखते हैं।

# पेद्दी' और 'है जवानी तो इश्क होना है




राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' और वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के अलावा बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगातार कमाई कर रही है। जानिए इन तीनों में से किस फिल्म ने सबसे ज्यादा कलेक्शन किया है।स्पोर्ट्स-एक्शन ड्रामा फिल्म 'पेद्दी' का निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है। इस फिल्म में राम चरण और जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म ने दूसरे सोमवार 12वें दिन 4.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक कुल 220.10 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' ने आज 11वें दिन दूसरे सोमवार को 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म ने बॉकस ऑफिस पर अब कुल 46.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। जो राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' के मुकाबले काफी कम है। बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' की को पूरे11 दिन हो चुके हैं10वें दिन फिल्म ने 16 लाख रुपये का कलेक्शन किया

# दो दिन पहले ही हुई थी बात

## संचिता उगले की मौत पर को-स्टार का रिएक्शन आया सामने



पापराजी से बात करते हुए सौरभ ने बताया कि उन्होंने संचिता से उनकी मौत से सिर्फ दो दिन पहले ही बात की थी। उन्होंने कहा, 'मुझे आज सुबह इस घटना के बारे में पता चला। शायद वह किसी परेशानी में थीं। मैंने दोदिन पहले उनसे बात की थी। मैं उनके घर जाऊंगा और उनके परिवार से भी मिलूंगा।'इससे पहले सौरभ ने सोशल मीडिया पर भी संचिता को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'दिलवाली दुल्हा ले जाएगी' शो का एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें दोनों साथ नजर आ रहे थे। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'नहीं छोटू। तुम थी, हो और हमेशा मेरी फेवरेट रहोगी, तुम्हें मिस करूंगा।'सौरभ ने संचिता के साथ अपनी एक फोटो भी शेयर की और एक भावुक नोट लिखा, 'मिलने वाले थे हम यार।'संचिता उगले का निधन रविवार, 14 जून को हुआ। वह 22 साल की थीं।पुलिस के अनुसार, यह घटना 14 जून को नालासोपारा ईस्ट के आचोले गांव स्थित साईं संतोषी बिल्डिंग में उनके घर पर हुई।

# गदर' के 25 साल पूरे होने का मनाया जश्न

## तारा सिंह से मिली सकीना सनी देओल और अमीषा




फिल्म 'गदर' को लेकर क्रेज 25 साल बाद भी बरकरार है। इस फिल्म की सिल्वर जुबली को सेलिब्रेट करने के लिए सनी देओल, अमीषा पटेल, निर्देशक अनिल शर्मा और बाकी स्टार कास्ट एक साथ आई। सनी देओल ने केक काटा, अमीषा पटेल के साथ पैपराजी के सामने जमकर फोटो क्लिक करवाए। फैंस भी एक बार फिर तारा सिंह (सनी देओल) और सकीना (अमीषा पटेल) को देखकर खुश हो गए। नी देओल सपैपराजी के सामने फोटो क्लिक करवा रहे थे, तभी वहां पर अमीषा पटेल आ गईं। अमीषा को देखकर सनी का चेहरा खिल उठा, वह मुस्कुराने लगे। फिर दोनों ने पैपराजी को जमकर पोज दिए, फोटो क्लिक करवाए। पैपराजी भी लगातार सकीना और तारा सिंह के नाम से उन्हें पुकार रहे थे।अमीषा के साथ फोटो क्लिक करवाने के बाद सनी देओल ने 'गदर' की पूरी टीम के साथ मिलकर केक काटा। फिल्म के 25 साल पूरे करने का जश्न मनाया। सनी देओल ने अमीषा और निर्देशक अनिल शर्मा को केक खिलाया। सभी इस मौके पर काफी खुश नजर आ रहे थे।अमीषा पटेल अक्सर वेस्टर्न ड्रेसेस में नजर आती हैं लेकिन 'गदर' के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए वह भारतीय प हनावे में पहुंचीं। दुपट्टे के साथ लहंगा और चोली पहने वह नजर आईं। अमीषा की इस सादगी पर फैंस भी फिदा हो गए। फिल्म 'गदर' ने 25 साल पहले थिएटर में तहलका मचा दिया था। इस फिल्म ने बंपर कलेक्शन किया था। फिल्म को अनिल शर्मा ने निर्देशित किया था। इसमें अमरीश पुरी, सकीना यानी अमीषा पटेल के किरदार के पिता के रोल में दिखे थे। फिल्म देश के बंटवारे के दर्द और एक प्रेम कहानी को दिखाती है।

# काला हिरण' फिल्म पर विवाद के बीच मेकर्स




फिल्म 'काला हिरण' लगातार सुर्खियों में हैं। इस पर विवाद चल रहा है। बीते दिनों फिल्म की पहली झलक सामने आई थी। । इसे लेकर सलमान खान ने अदालत का रुख किया और फिल्म की रिलीज पर रोक की मांग की है। वहीं, टीजर में अभिनेता गोविंद नामदेव भी नजर आए। वे वकील की भूमिका में कोर्ट में बहस करते दिखे। मगर, हकीकत में अब उन्हें खुद कानूनी नोटिस भेजा गया है, जो फिल्म के मेकर्स ने भेजा है। दरअसल, बीते दिनों गोविंद नामदेव ने विवादित फिल्म 'काला हिरण' के निर्माताओं पर आरोप लगाया कि उनसे सच्चाई छिपाकर शूटिंग कराई गई।सलमान खान के खिलाफ नहीं जा सकते। गोविंद नामदेव ने उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि वे से बातचीत में दावा किया कि मेकर्स ने उन्हें पूरी सच्चाई बताए बिना शूट कराया। उनका कहना है कि ट्रेलर देखने के बाद उन्हें पहली बार अहसास हुआ कि जिस फिल्म का हिस्सा वह बने, उसमें उनके साथ धोखा हुआ और उन्हें अंधेरे में रखकर इस्तेमाल किया गया। गोविंद नामदेव के इस दावे के बाद निर्माताओं ने उन्हें नोटिस भेजा है। फिल्म के निर्माता अमित जानी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी साझा की है। उन्होंने गोविंद नामदेव को नोटिस भेजकर उनसे सात दिनों के अंदर 50 लाख रुपये हर्जाना और सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है। पोस्ट में लिखा है, ''गोविंद नामदेव को लीगल नोटिस भेजा। सात दिन मे सार्वजनिक माफी मांगे और प्रोडक्शन हाउस को 50 लाख रुपया जुर्माना दें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही होगी''।

# Export Duty: सरकार ने डीजल और एटीएफ के निर्यात शुल्क में की बढ़ोतरी, घरेलू ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं



## मंगलवार को लागू हो गईं नई दरें

राजस्व विभाग द्वारा जारी आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर अब 14 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ के निर्यात पर 12.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाया जाएगा। संशोधित दरें मंगलवार से प्रभावी होंगी। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और निर्यात को कम करने के उद्देश्य से 27 मार्च से पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (SAED) तथा सड़क एवं अवसंरचना उपकर लागू किया था।इन शुल्क दरों की समीक्षा प्रत्येक पखवाड़े की जाती है। पिछली बार संशोधन 1 जून से लागू किया गया था। शुल्क दरें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की औसत कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं। इस बीच, पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा नागरिकों और उद्योगों से ऊर्जा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है।अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ऊर्जा संरक्षण पर जोर दिया और बड़े औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से अपने उपभोक्ता पंपों के माध्यम से डीजल खरीदने का आग्रह किया, ताकि खुदरा पेट्रोल पंपों पर दबाव कम हो सके।

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने एटीएफ और डीजल के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए इन दोनों ईंधनों पर निर्यात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में 14 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात शुल्क में 12.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। हालांकि पेट्रोल के निर्यात शुल्क और घरेलू खपत के लिए पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले मौजूदा उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने खुदरा पेट्रोल पंपों पर भीड़ और दबाव को कम करने के लिए अस्थायी व्यवस्था लागू की है।



शर्मा के अनुसार, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है, रिफाइनरियां अपनी क्षमता के अनुरूप काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि समस्या आपूर्ति की नहीं, बल्कि खपत के स्वरूप में बदलाव की है। मई के दौरान लगभग 42 करोड़ लीटर डीजल, जो पहले थोक अथवा उपभोक्ता पंपों के माध्यम से वितरित होता था, खुदरा आउटलेट्स की ओर शिफ्ट हो गया, जिससे कुछ क्षेत्रों में दबाव बढ़ा।

# पश्चिम एशिया में शांति: भारत के लिए बड़ी राहत तेल आपूर्ति सुधरेगी; घटेगी महंगाई



ईरान युद्ध ने वैश्विक एवं भारतीय शेयर बाजारों को लेकर निवेशकों की धारणा बिगाड़ दी। युद्ध के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाल बने रहे। फरवरी को छोड़कर उन्होंने हर महीने बिकवाली की है और जून के पहले पखवाड़े में 62,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, समझौते की घोषणा से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए।अमेरिका-ईरान में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य होने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे न सिर्फ तेल आपूर्ति की चिंताएं कम होंगी, बल्कि मालभाड़ा और बीमा लागत भी घटेगी। आम आदमी से लेकर कंपनियों तक को लगातार बढ़ती महंगाई से भी बड़ी राहत मिलेगी। एलपीजी सिलिंडर भी दो चरणों में 89 रुपये महंगा हुआ। इस वृद्धि के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों को अब भी रोज करीब 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों का कहना है, होर्मुज खुलने से यह नुकसान धीरे-धीरे कम हो सकता है।भारत के 13 जहाज होर्मुज जलमार्ग की नाकेबंदी के कारण अब भी फारस की खाड़ी में फंसे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, जैसे ही होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह खुलता है और नौवहन के लिए सुरक्षित माना जाता है, सरकार फंसे भारतीय जहाजों को वापस लाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि नाकाबंदी के दौरान अमेरिकी नौसेना ने भारतीय चालक दल वाले तीन जहाजों को निशाना बनाया था, जिसमें तीन भारतीयों की मौत हो गई थी। ईंधन सस्ता होने से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिससे युद्ध के कारण सुस्त पड़े विनिर्माण क्षेत्र की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। विमानन, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल, मालढुलाई और लॉजिस्टिक्स जैसे ऊर्जा निर्भर क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। सरकार को ऊर्जा प्रबंधन और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारत के आयात बिल में कमी आएगी।

सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर इसी मार्ग से कच्चा तेल निर्यात करते हैं। यही देश भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर सबकुछ सामान्य हो जाता है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल, गैस, खाद और अन्य कमोडिटी की कीमतों में तेज गिरावट आएगी। भारत को ये सभी उत्पाद सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगे, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। पिछले कुछ महीनों से महंगाई से जूझ रहे देश को राहत मिलेगी। व्यापार के लिए भी माहौल बेहतर होगा।समझौते के बाद सोमवार को होर्मुज से गुजरने वाले शुरुआती जहाजों में भारत की कंपनी पेट्रोनेट का चार्टर्ड एलएनजी टैंकर भी शामिल था। इसमें 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी है। यह 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचेगा।समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है, जो युद्ध के दौरान 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इससे पेट्रोल-डीजल की उत्पादन लागत बढ़ी और सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा।



डॉलर के मुकाबले लगातार टूट रहे रुपये को मजबूती मिलेगी। चालू खाते के घाटे में कमी आएगी। महंगाई घटेगी, कीमतें स्थिर होंगी। भारतीय रिफाइनरियों को कम मालभाड़े और बीमा लागत का लाभ मिलेगा।भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए। विदेशी निवेशकों की फिर वापसी की उम्मीद भी बढ़ गई।

# Biz Updates: डीजल-ATF पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा

## पेट्रोल पर राहत बरकरार; 16 जून से लागू होंगे नए दाम




सरकार ने सोमवार को डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल गेन टैक्स को बढ़ा दिया है। जबकि पेट्रोल पर लगने वाला टैक्स अगले पखवाड़े के लिए जस का तस रखा गया है। यह नई दरें 16 जून से लागू होंगी।सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क(एसएईडी) को बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 13.5 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, एटीएफ पर यह शुल्क 9.5 रुपये से बढ़ाकर 12.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।पेट्रोल के निर्यात पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसकी दर 1.5 रुपये प्रति लीटर बनी रहेगी। वित्त मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली मौजूदा दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यह विंडफॉल टैक्स पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के मकसद से लगाया गया था। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद कीमतों में अंतर का फायदा उठाकर निर्यातकों की ओर से अनुचित लाभ लेने से रोकना है। सरकार ने मार्च 26 को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाया था और इसके बाद हर पखवाड़े (15 दिन) में दरों की समीक्षा की जा रही है। 16 मई को पेट्रोल पर भी निर्यात शुल्क लगाया गया था।देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है।क्योंकि तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से घरेलू मुद्रा के पक्ष में अल्पकालिक रुझान बदल गया है।

# आरबीआई का बड़ा फैसला: बैंकों की मनमानी पर लगेगी रोक

## मिस-सेलिंग को लेकर 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे नए नियम




आरबीआई ने ग्राहकों को मिस-सेलिंग से बचाने के लिए 1 जनवरी 2027 से नए नियम लागू करने का एलान किया है। अब बैंकों के आक्रामक इंसेंटिव पर रोक होगी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स या डिजिटल एजेंटों की ओर से की गई किसी भी गड़बड़ी के लिए सीधे बैंक ही जिम्मेदार होंगे।भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया है। आरबीआई ने वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की गलत बिक्री (मिस-सेलिंग) को रोकने के लिए नए और बेहद सख्त नियम जारी किए हैं। अब बैंक अपने कर्मचारियों के लिए ऐसा इंसेंटिव ढांचा नहीं बना पाएंगे जो उन्हें आक्रामक बिक्री के लिए उकसाए।उस ड्राफ्ट में बैंकों और एनबीएफसी को तीसरे पक्ष के उत्पादों के विज्ञापन और बिक्री को लेकर व्यापक निर्देश दिए गए थे। इसके बाद सभी पक्षों से फीडबैक लिया गया। अब आरबीआई ने अपनी अंतिम गाइडलाइन जारी कर दी है।अब विज्ञापन और बिक्री के लिए पूरी जिम्मेदारी सीधे बैंक और वित्तीय संस्थान की होगी। उत्पाद चाहे सीधे बेचा जाए या किसी एजेंट के जरिए, जवाबदेही बैंक की ही तय होगी। बैंक अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते।

ये नए नियम 1 जनवरी, 2027 से पूरी तरह लागू हो जाएंगे। आरबीआई ने इस बार 'सिद्धांत-आधारित और माध्यम-तटस्थ दृष्टिकोण' अपनाया है। इसका मतलब है कि बेचने का जरिया चाहे जो भी हो, नियम सब पर बराबर लागू होंगे। अब इसके दायरे में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी आएंगे। साथ ही बैंकों के लिए काम करने वाले डिजिटल मार्केटिंग मध्यस्थों को भी इसके दायरे में लाया गया है। आम लोगों को गलत तरीके से वित्तीय उत्पाद बेचने के मामले लगातार बढ़ रहे थे। इसी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने यह कड़ा कदम उठाया है।नए नियमों के तहत अब तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) की तरफ से बैंक कर्मचारियों को मिलने वाले इंसेंटिव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। हालांकि, बैंक अपनी तरफ से अपने कर्मचारियों को इंसेंटिव दे सकते हैं, उस पर रोक नहीं है।आरबीआई का मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इंसेंटिव के लालच में आकर कर्मचारी ग्राहकों को गलत सामान न बेचें। वे ग्राहकों पर किसी तरह का दबाव न बनाएं। इससे पहले फरवरी में केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट जारी किया था।

# Gold Silver: एक हफ्ते में सोना करीब ₹6400 टूटा

## चांदी ₹14000 से ज्यादा सस्ती हुई; जानें सर्राफा बाजार का हाल



इस हफ्ते सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। 24 कैरेट सोना 6,438 रुपये टूटकर। वहीं, चांदी 14,326 रुपये गिरकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलो रह गई। आईए जानतें हैं कि यह गिरावट क्यों हो रही है।इस हफ्ते सोने और चांदी में गिरावट देखने को मिली। जिससे सोना और चांदी 6,400 रुपये और 14,300 हजार रुपये से अधिक सस्ते हो गए हैं। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरट सोने का दाम इस हफ्ते 6,438 रुपये कम होकर 1,47,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, पहले यह 1,54,238 रुपए पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सोने और चांदी में गिरावट की वजह महंगाई बढ़ने की आशंका और अमेरिका ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत उच्च स्तर पर रहना है।इसके साथ ही ब्याज दरों के बढ़ाने की आसान कहां है निवेशकों को सोने और चांदी में मुनाफा वसूली पर मजबूर किया है। बीते एक वर्ष में सोने और चांदी ने शानदार रिटर्न दिया है। डॉलर में इस दौरान सोने ने 24 प्रतिशत से अधिक और चांदी ने 87 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है।

22 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,35,385 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,41,282 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 1,10,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,15,679 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस हफ्ते सोने में सबसे न्यूनतम दाम 11 जून को सुबह के सत्र में 1,44,782 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 9 जून को सुबह के सत्र में 1,52,519 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा गया। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली है।चांदी का दाम 14,326 रुपये कम होकर 2,42,582 रुपये प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,56,908 रुपये प्रति किलो था। इस हफ्ते चांदी में सबसे न्यूनतम दाम 11 जून को शाम के सत्र में 2,32,591 रुपये प्रति किलो देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 9 जून को शाम के सत्र में 2,45,938 रुपये प्रति किलो देखा गया। वैश्विक अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना का दाम 4,248 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 68 डॉलर प्रति औंस के करीब आ गया है।



# The Bonus Market Update:



Sensex Opening Bell: ईरान-अमेरिका शांति समझौते की उम्मीद में शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन उछला। सेंसेक्स 300 अंक चढ़कर 76,500 के पार चला गया है। आइए बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानते हैं। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर निवेशकों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की उम्मीदों के चलते बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का दौर जारी है।मंगलवार की सुबह शेयर बाजार हरे निशान में खुला। बीएसई सेंसेक्स 300.03 अंक (0.39%) की मजबूत बढ़त के साथ 76,564.36 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 75.15 अंक (0.32%) चढ़कर 23,929.05 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया।डॉलर के मुकाबले पांच पैसे मजबूत होकर 94.53 पर पहुंच गया,

# Aaj Ka Rashifal 16 May

## इन पांच राशि वालों को कार्यक्षेत्र में मिल सकती है कोई बड़ी उपलब्धि

16 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 16 जून 2026 का राशिफल।16 मई को शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि और त्रिपुष्कर योग का संयोग बना हुआ है। आज के दिन चंद्रमा मिथुन राशि में संचरण करेंगे साथ ही सूर्य का गोचर भी मिथुन राशि में रहेगा। आज के दिन कुछ राशि वालों को भाग्य का जबरदस्त लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों में गति आएगे और समय पर कार्य पूरा होगा। ऊर्जा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर आपको अपनी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। ऐसे में आइए जानते हैं आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा।



### मेष

आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान और मन में नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। आसपास का माहौल इतना सकारात्मक रहेगा कि आपका आत्मविश्वास खुद-ब-खुद बढ़ता महसूस होगा। कोई अच्छी खबर दिल को खुशी दे सकती है और आगे बढ़ने की नई प्रेरणा भी मिलेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर जो चिंता थी, वह प्यार और समझदारी भरी बातचीत से काफी हद तक कम हो सकती है। सेहत को हल्के में न लें, खासकर खान-पान और नींद का ध्यान रखें। ऑफिस में बॉस के साथ तालमेल अच्छा रहेगा, बस अहंकार को दूर रखें, क्योंकि आज विनम्रता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

### वृषभ

आज का दिन सुकून और संतोष से भरा रहने वाला है। नौकरी या नए अवसर की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी मिल सकती है। पैसों के मामले में ईमानदारी और सही रास्ता चुनना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा, क्योंकि गलत तरीके से कमाया गया लाभ आगे परेशानी दे सकता है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके पैसे उधार देने से बचें। ससुराल पक्ष में छोटी-सी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, इसलिए धैर्य और शांति बनाए रखें। दिन का अंत परिवार के साथ अच्छा समय बिताते हुए सुखद रहेगा।

### मिथुन

आज पैसों से जुड़े फैसलों में बहुत समझदारी दिखाने की जरूरत होगी। जल्दबाजी में लिया गया आर्थिक निर्णय बाद में परेशानी खड़ी कर सकता है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। अधिकारियों का सहयोग मिलने से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही दिशा दिखाएगी। व्यवसाय में साझेदारी का फैसला सोच-समझकर लें और केवल भरोसेमंद लोगों पर ही विश्वास करें।

### कर्क

आज घर और रिश्तों में खुशियों की मिठास घुली रहेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझदारी का सुंदर संतुलन बना रहेगा। जीवनसाथी को करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल और खुशनुमा होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह से जुड़ी रुकावट किसी करीबी की मदद से दूर हो सकती है। हालांकि हर मुस्कुराने वाले व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करना ठीक नहीं होगा। जरूरतों और सुविधाओं पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन इससे आपको खुशी और संतोष मिलेगा।

### सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि और मजबूत होती नजर आएगी। लोग आपके काम और व्यवहार की सराहना करेंगे। हालांकि कोई बड़ी डील आखिरी समय में अटक सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें, क्योंकि जल्द ही रास्ता निकल आएगा। लंबे समय से अटका काम पूरा होने से राहत महसूस होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से नए संपर्क बनेंगे और आपकी पहचान बढ़ेगी। निवेश करने से पहले पूरी जानकारी जरूर लें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना न भूलें।

### कन्या

आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई देगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और मन को सुकून मिलेगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन सही योजना और समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। किसी भी विवाद से दूरी बनाए रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं का लाभ मिलने के संकेत हैं। साथ ही आज किया गया बचत या निवेश का प्रयास भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करेगा।

### तुला

आज अधूरे कामों को पूरा करने के लिए समय बेहद अनुकूल रहेगा। सेहत को नजरअंदाज न करें, खासकर पेट से जुड़ी समस्या परेशानी दे सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी मुश्किल महसूस हो सकती है, लेकिन लगातार मेहनत उन्हें सफलता दिलाएगी। पुराने लेन-देन निपटने से मन हल्का महसूस करेगा। जीवनसाथी के लिए कोई छोटा-सा सरप्राइज आपके रिश्ते में नई मिठास घोल सकता है। आय में बढ़ोतरी और परिवार के साथ घूमने-फिरने का मौका मन को खुश करेगा।

### वृश्चिक

आज पैसों और खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होगी। बिना योजना के खर्च बढ़ सकते हैं, खासकर शौक और आराम से जुड़ी चीजों पर। घर की सजावट या नवीनीकरण का विचार भी मन में आ सकता है। माता की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में बॉस की तरफ से प्रशंसा, प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### धनु

आज हर काम में धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। पिता की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शक साबित हो सकती है। संतान की खुशी के लिए कोई नई चीज खरीदने का विचार मन में आ सकता है। ऑफिस में वरिष्ठों की बातों को नजरअंदाज करना नुकसानदेह हो सकता है, इसलिए सावधानी रखें। मन की कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से खुशी दोगुनी हो जाएगी। घर में पूजा-पाठ या धार्मिक माहौल से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

### मकर

आज का दिन नई शुरुआत और महत्वपूर्ण फैसलों का संकेत दे रहा है। आपकी समझदारी और विवेक आपको सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे। छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि वही आगे बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी और मन खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र में मनपसंद काम मिलने से उत्साह और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेंगे।

### कुंभ

आज आपका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। आप अपने कामों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। जरूरतमंद की मदद करके मन को अलग ही सुकून मिलेगा। परिवार की किसी समस्या को बातचीत और समझदारी से सुलझाने में आपकी अहम भूमिका रहेगी। संपत्ति से जुड़ा कोई अच्छा अवसर सामने आ सकता है। संतान से किया वादा निभाना जरूरी होगा, वरना उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। कारोबार में हल्के उतार-चढ़ाव रहेंगे, लेकिन स्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।

### मीन

आज सेहत को सबसे ऊपर रखना जरूरी होगा। छोटी-सी परेशानी को भी नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। कोई व्यक्ति मीठी बातों से आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए नए लोगों पर तुरंत भरोसा करने से बचें। प्रॉपर्टी या जमीन से जुड़े काम करने वालों को कोई अच्छी कानूनी या सरकारी खबर मिल सकती है। किसी से वादा करने से पहले अपनी क्षमता का सही अंदाजा जरूर लगा लें। आज संयम और सतर्कता ही आपको हर परिस्थिति में संतुलित बनाए रखेगी।

# Aaj Ka Love Rashifal:

## इन 5 राशि वालों के प्रेम जीवन में आज बढ़ेंगी खुशियां, घूमने के भी मिलेंगे अवसर

**Love Rashifal 16 June 2026: चंद्रमा के प्रभाव से कैसा रहेगा आपका प्रेम जीवन ? जानें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल, रिश्तों, रोमांस और दांपत्य जीवन का हाल।**



### मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope):

आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। अगर पुराने प्रेम संबंध में दूरी बनी हुई थी, तो बातचीत दोबारा शुरू होने के संकेत हैं। इसके अलावा वैवाहिक जीवन में भी रोमांच और मधुरता बनी रहेगी।

### वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope):

वृषभ राशि वालों के लिए दिन खुशियों भरा रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार की ओर से कुछ सहमति देखने को मिल सकती है। इसके अलावा रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। धैर्य और समझदारी से काम करना और भी अच्छा होगा।

### मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope):

मिथुन राशि वालों के लिए दिन शुभ रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास बढ़ेगा। रिश्तों में समझ भी पहले से अधिक मजबूत होगी। पार्टनर के साथ तालमेल बेहतर बना रहेगा।

### कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope):

कर्क राशि वालों का प्रेम जीवन सुखद रहने वाला है। पहले से चल रही गलतफहमियां दूर हो सकती हैं। रिश्तों में सुधार के योग बनेंगे। कोई गाड़ी खरीदने का प्लान सफल होता नजर आ सकता है।

### सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope):

सिंह राशि के लोग साथी के साथ खरीदारी पर जा सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पार्टनर के साथ बिताया गया समय रिश्ते को और मजबूत बना सकता है। क्रश से बात बढ़ेगी और अच्छा महसूस करेंगे।

### कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope):

कन्या राशि वालों के लिए दिन रोमांटिक रहेगा। रिश्ते सहज रूप से आगे बढ़ेंगे। माना जा रहा है कि, सिंगल जातकों के जीवन में किसी नए व्यक्ति की एंट्री दिलचस्प मोड़ ला सकती है।

### तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope):

तुला राशि वालों के सितारे बता रहे हैं कि, जीवन में कोई खास दस्तक दे सकता है। अपने प्रेम को धैर्य और समझदारी के साथ व्यक्त करें। छोटा सा सरप्राइज या उपहार रिश्तों में खुशियां बढ़ा सकता है।

### वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope):

वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। रिश्तों में मधुरता और अपनापन बढ़ेगा। सिंगल लोगों के लिए किसी खास व्यक्ति से नई बातचीत शुरू होने के संकेत हैं।

### धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope):

प्रियजनों को खुश रखने की कोशिश आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगी। सहयोगात्मक व्यवहार से रिश्तों में विश्वास मजबूत होगा। आज दोनों के बीच भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

### मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope):

मकर राशि वालों के लिए दिन शानदार रहेगा। प्रियजनों के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। रिश्तों में ईमानदारी और पारदर्शिता आपके संबंधों को और मजबूत बनाएगी।

### कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope):

आज आप दोनों की आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी। पार्टनर के साथ खुलकर और सहजता से संवाद करें। रिश्तों में सच्चाई और भरोसा आपको एक-दूसरे के और करीब लाएगा।

### मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope):

रिश्तों में उत्साह और ताजगी बनी रहेगी। व्यक्तिगत और प्रेम संबंध पहले से अधिक मजबूत होंगे। पार्टनर के साथ भावनात्मक जुड़ाव गहरा होने की संभावना है।

# IND A vs SL A: वैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ धक्का-मुक्की किस कारण हुआ विवाद?



भारत ए और श्रीलंका ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज के दौरान माहौल गर्म हो गयावैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ पहले बहस हुई और फिर धक्का-मुक्की हो गई। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला। भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ धक्का-मुक्की हो गई। भारत ए और श्रीलंका ए के बीच दांबुला में त्रिकोणीय सीरीज का मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के बीच यह मैच टाई छूटा जिसके बाद मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये निकाला जहां भारत ए को हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान वैभव अपना आपा खो बैठे और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी से बहस हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद बीच बचाव कर मामले को शांत कराया गया। भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जहां मेजबान श्रीलंका-ए ने भारत-ए को छह रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। निर्धारित 50 ओवर में दोनों टीमों ने 265-265 रन बनाए, जिसके बाद मैच सुपर ओवर तक पहुंचा। टाई होने के बाद मुकाबले का फैसला सुपर ओवर से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए और भारत-ए के सामने 17 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में भारत-ए की टीम दबाव में बिखर गई और सिर्फ 10 रन ही बना सकी। इस तरह श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में छह रन से जीत दर्ज कर ली। इस जीत के साथ श्रीलंका-ए ने तीन अंक हासिल किए और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। वहीं, भारत-ए को टूर्नामेंट में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। यह मामला सुपर ओवर के आखिरी गेंद फेंके जाने के बाद हुई जब कुगाथस माथुलन ने वैभव को गेंद डाली।

भारत ए को उस समय आखिरी गेंद पर आठ रन की जरूरत थी।

माथुलन ने शानदार यार्कर डाली जिस पर वैभव शॉट नहीं खेल पाए। इसके बाद वह जश्न मनाने लगे और श्रीलंका ए के खिलाड़ी भी इसमें शामिल हो गए। सूर्यवंशी किस कारण भड़के इसका कारण अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन माना जा रहा है कि वह माथुलन के जश्न मनाने के तरीके या मैच खत्म होने के बाद उनसे कुछ कहा गया इसलिए भड़क उठे।

ऐसा लगा कि उन्हें यह बात पसंद आई कि खराब लाइटिंग होने के बाद भी सुपर ओवर करवाया गया।

मैच खत्म होने के बाद वैभव की खिलाड़ियों के साथ तीखी बहस हुई और फिर उन्होंने एक श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दिया।

इसके बावजूद वैभव का गुस्सा शांत नहीं हुआ और वह पीछे हटते हुए भी विरोधी खिलाड़ी को लगातार खरी-खोटी सुनाते नजर आए। मामला बढ़ता देखकर सूर्यवंशी को श्रीलंका के खिलाड़ी निरोशन डिकवेला ने अलग किया और मामले को शांत कराने की कोशिश की। यहां तक कि जब खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तब भी सूर्यवंशी खुश नजर नहीं आ रहे थे और टीम के साथियों ने उन्हें शांत कराया और पवेलियन की ओर भेजा। कमेंटेटर ने कहा कि जो स्थिति बनी वो सही नहीं है क्योंकि मैच बहुत रोमांचक रहा था। निर्धारित ओवरों के बाद मैच टाई होने पर शुरुआत में यह स्पष्ट नहीं था कि सुपर ओवर खेला जाएगा या नहीं।

अंपायरों का मानना था कि देर शाम होने और रोशनी की स्थिति को देखते हुए आगे खेल जारी रखना मुश्किल हो सकता है। इस दौरान भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने अंपायरों से लंबी चर्चा की और सुपर ओवर कराने की मांग की। कुछ देर तक चली बातचीत के बाद आखिरकार सुपर ओवर कराने का फैसला लिया गया। सुपर ओवर में श्रीलंका की पारी की अंतिम गेंद पर नया विवाद खड़ा हो गया था। भारतीय गेंदबाज अरशद खान की फुलटॉस गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज कैच आउट हो गए। अंपायर ने तुरंत बल्लेबाज को आउट घोषित कर दिया, जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हालांकि, रिप्ले में देखने पर पता चला कि गेंद बल्लेबाज की कमर से ऊपर थी और उसे नो-बॉल दिया जाना चाहिए था। इसके बाद अंपायरों ने अपना फैसला बदला और भारतीय खिलाड़ियों को दोबारा मैदान पर बुलाया गया। फिर श्रीलंका को आखिरी गेंद दोबारा खेलने का मौका मिला।



15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का आक्रामक अंदाज पहले भी कई बार चर्चा का विषय बन चुका है। 2025 अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ आउट होने के बाद उन्होंने विरोधी गेंदबाज की ओर जूता दिखाने का इशारा किया था, जिसकी काफी आलोचना हुई थी। इसके अलावा 2026 अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स चरण में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान भी उनकी प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों से तीखी नोकझोंक देखने को मिली थी। विवादों के बीच वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन भी चिंता का विषय बना हुआ है। वनडे ट्राई सीरीज में वह लगातार तीसरे मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 21 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम भी पूरी तरह संघर्ष करता नजर आया। अनुकूल रॉय 8 रन, निशांत सिंधु 6 रन, आयुष बडोनी 15 रन और प्रभसिमरन सिंह 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



प्रत्यक्षदर्शियों और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, वैभव और श्रीलंका ए के खिलाड़ी कुगाथस मथुलन के बीच कुछ शब्दों का आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद वैभव ने एक अन्य श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दे दिया, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। हालांकि वरिष्ठ खिलाड़ियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया। अब इस घटना को लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि मैच रेफरी या आयोजकों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक फैसला सामने नहीं आया है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि मैच के दबाव और हार की निराशा ने इस विवाद को जन्म दिया, लेकिन खेल भावना के लिहाज से ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए। मैच पहले ही काफी तनावपूर्ण रहा था। निर्धारित 50 ओवरों में मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद सुपर ओवर कराया गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ए ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। हार के बाद भारतीय खिलाड़ियों में निराशा साफ दिखाई दी और इसी दौरान विवाद की स्थिति बन गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपर ओवर में भारत ए की हार के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कहासुनी शुरू हुई। बताया जा रहा है कि श्रीलंका ए के कुछ खिलाड़ियों की टिप्पणी से वैभव नाराज हो गए, जिसके बाद माहौल गर्म हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ियों और अधिकारियों को बीच-बचाव करना पड़ा।

# Women's T20 World Cup

## किस कारण क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोच रही थीं श्रेयंका? भारतीय स्पिनर ने किया खुलासा

भारतीय महिला टीम की स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने खुलासा करते हुए बताया है कि एक समय ऐसा भी आया था जब वह अवसाद में चली गई थीं। श्रेयंका ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के मुकाबले में किफायती गेंदबाजी की।

भारत की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने बताया कि चोट के कारण एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के दौरान वह अवसाद से जूझ रही थीं और उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में भी सोचा था। रविवार को महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 64 रन की जीत में किफायती गेंदबाजी करने वाली श्रेयंका ने इस मुश्किल दौर से निकलने और राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी करने का श्रेय अपने मजबूत सहयोगी ढांचे को दिया। जुलाई 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान अंगुली में फ्रैक्चर होने के बाद श्रेयंका लगभग 14 महीने तक खेल से दूर रहीं। चोट की परेशानियां यहीं नहीं रुकीं।



उन्हें दोनों पैरों की पिंडली में गंभीर समस्या और बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर का भी सामना करना पड़ा जिसके बाद आखिरकार इस साल की शुरुआत में श्रेयंका ने कहा, अगर मैं कहूं मैं अवसाद में नहीं थी या मैंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में नहीं सोचा तो यह झूठ होगा। चोट के दौर में शुरुआत में मुझे ऐसा ही महसूस हुआ था। लेकिन मेरे अंदर एक आवाज थी जो कह रही थी चाहे कुछ भी हो, मुझे यह खेल खेलना पसंद है। मैं यहां सिर्फ इसलिए हूं क्योंकि मुझे इसे खेलना पसंद है। महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से उन्होंने वापसी की। इसलिए मैं उस चीज को नहीं छोड़ सकती थी जिसे करना मुझे पसंद है। मैंने हिम्मत बनाए रखी मेरे पापा मेरे से बात करते रहे और मेरे परिवार ने पूरे समय मेरा साथ दिया।

## IND A vs SL A: 265 रन भी नहीं दिला सके जीत सुपर ओवर में भारत-ए को मिली हार श्रीलंका-ए जीत के साथ शीर्ष पर

भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच मुकाबला 265-265 रन की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। सुपर ओवर में श्रीलंका-ए ने 16 रन बनाए, जबकि भार त-ए 10 रन ही बना सकी और छह रन से हार गई।



भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जहां मेजबान श्रीलंका-ए ने भारत-ए को छह रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। निर्धारित 50 ओवर में दोनों टीमों ने 265-265 रन बनाए, जिसके बाद मैच सुपर ओवर तक पहुंचा। टॉस जीतकर श्रीलंका-ए ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 13 गेंदों पर 11 रन बनाकर मोहम्मद शिराज का शिकार बने। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने 14 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, लेकिन साहन अराचिगे ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। गायकवाड़ 42 गेंदों पर 37 रन बनाकर आउट हुए, जबकि तिलक वर्मा 32 गेंदों में 23 रन ही बना सके। मध्यक्रम में आयुष बदोनी (15) और निशांत सिंधु (6) भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। अनुकूल रॉय ने 8 रन का योगदान दिया। हालांकि, निचले क्रम में विप्रज निगम और सूर्यांश शेडगे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए की वापसी कराई। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 104 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सूर्यांश शेडगे ने 66 गेंदों पर 72 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं, विप्रज निगम ने 49 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 51 रन बनाए। इन पारियों के दम पर भारत-ए की टीम 49.2 ओवर में 265 रन पर सिमट गई। श्रीलंका-ए की ओर से मोहम्मद शिराज और विजयकांत ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि साहन अराचिगे, कुगाथस और वानुजा सहान को एक-एक सफलता मिली।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

## दीप्ति शर्मा के 'पंजे' से पाकिस्तान चित: 106 रनों पर ऑलआउट हुई टीम महिला टी20 विश्वकप में भारत का विजयी आगाज

महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में भारत ने शानदार जीत दर्ज की। पाकिस्तान को 64 रनों से हराकर टीम इंडिया ने जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया है। रविवार को खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम सिर्फ 106 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। स्मृति मंधाना की तूफानी बल्लेबाजी और दीप्ति शर्मा-श्री चरणी की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 64 रन से करारी शिकस्त दी। रविवार को बर्मिंघम में खेले गए ग्रुप-1 मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके, जबकि श्री चरणी ने तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं, शेफाली वर्मा को एक सफलता मिली। भारत ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को तेज शुरुआत मिली। शेफाली वर्मा ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन वह छह रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स भी सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गईं और भारत ने 18 रन तक दो विकेट गंवा दिए।



शुरुआती झटकों के बाद स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मंधाना ने 44 गेंदों पर 68 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं हरमनप्रीत ने 35 गेंदों पर 36 रन बनाए। मंधाना के आउट होने के बाद भारती फुलमाली भी जल्दी पवेलियन लौट गईं, लेकिन अंतिम ओवरों में ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा ने तेजी से रन बटोरते हुए स्कोर को 170 तक पहुंचाया। ऋचा घोष ने मात्र 17 गेंदों पर 34 रन की विस्फोटक पारी खेली जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। दीप्ति शर्मा नौ गेंदों पर 12 रन बनाकर नाबाद रहीं।

पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने दो-दो विकेट लिए। 171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट निकालकर मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ मुनीबा अली ही संघर्ष कर सकीं। उन्होंने 35 गेंदों पर 41 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। पूरी पाकिस्तानी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा ने करियर की यादगार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 10 रन देकर पांच विकेट झटके। उनके अलावा श्री चरणी ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए।



R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













